उद्देश्य : इस अध्याय के अंत में आप सीख पायेंगें
- पिनकर्लस के द्वारा हेयर स्टाइलिंग
- फिंगर वेविंग द्वारा हेयर स्टाइलिंग
- रोलर सेटिंग द्वारा हेयर स्टाइलिंग।

वेट स्टाइलिंग (**Wet styling**): ये विभिन्न प्रकार के होते है। हेयर स्टाइल के अनुसार इनका प्रयोग किया जाता है।

ग्राहक की तैयार

- ग्राहक को सबसे पहले तौलिये से लपेटें ।
- तौलिये के ऊपर नेक केप लगायें।
- सामान को ट्रॉली पर लगायें।
- ग्राहक को आरामदेह स्थिति में बिठायें।

- पिनकर्ल्स **(Pincurls)**

पिनकर्ल्स सिर के किसी भी भाग में दिया जा सकता है किन्तु माथे के पास इसके प्रयोग का चलन है। हेयर स्टाइलिंग में विभिन्नता लाने के लिए पिनकर्ल्स दिए जाते है जैसे

- सिर के आधार (on the base) : इस विधि में बहुत हल्के कर्ल्स (Curls) आते है और नया आकार दिया जाता है।
- पूरी लट पर (on the hair stem) : इस विधि में बहुत सारे कर्ल्स आते है।



- बाल के अंतिम छोर पर (on the ends) : इस विधि में वास्तविक कर्ल्स प्राप्त होते है।



पिनकर्ल्स को निम्नलिखित नाम के द्वारा जाना जाता है।

- वर्गाकार (Square)
- उल्टे पिनकर्ल्स (inverted pincurls)
- आयताकार (ractangular)
- त्रिभुज (Trianlge)
- नया रूप देना (Sculpted) इत्यादि।

- फिंगर वेविंग **(Finger waving)**



इस विधि में ऊँगलियों और कंघी की सहायता से बाल पर वेविंग लोशन द्वारा वेव दिया जाता है। यह घुमाव या वेव “S” के आकार मे दिया जाता है। फिंगर वेविंग करते समय ध्यान रहें कि बाल पानी और वेविंग लोशन द्वारा गील हों। जिससे कि सूखने पर हेयर स्टाइल टिका रहें।

- रोलर सेटिंग **(Roller setting)**




रोलर सेटिंग से हेयर स्टाइलिंग अधिक समय तक टिके रहने के लिए प्रयोग की जाती है। हेयर स्टाइलिंग में रोलर्स का प्रयोग किया जाता है

जो विभिन्न लम्बाई, चौड़ाई और मोटाई  में प्रयोग होते है।

रोलर हेयर स्टाइलिंग के लिए रोलर्स के आकार (छोटे से बड़ें आकार में)

छोटे आकार के रोलर अधिक कर्ल्स देते है जैसे जैसे आकार बढ़ता है कर्ल्स का साइज भी बढ़ता चला जाता है।

हेयर स्टाइलिंग में रोलर सेटिंग तीन प्रकार से की जाती है।

- ऑन बेस (On base)
- हाफ बेस (Half base)
- ऑफ बेस (Off base)

ऑन बेस (On base) : इस विधि में जहाँ से बाल लिए गए है उसी के सिर के आधार पर $90^0$ के कोण पर रोलर को लगाया जाता है। बाल में अधिक कर्ल्स और वॉल्यूम प्राप्त होता है।

हाफ बेस (Half base) : इस विधि के द्वारा रोलर, बाल के बेस के आधे आधार के नीचे लगाये जाते है जिससे मध्यम आकार के वॉल्यूम और कर्ल्स प्राप्त होते है।

ऑफ बेस (Off base) : इस विधि में रोलर बेस के नीचे लगाये जाते है जिससे केवल वॉल्यूम प्राप्त होता है।

**उद्देश्य : इस अध्याय के अंत में आप सीख पायेंगें**
- **विग को बनाने के प्रकार**
- **विग के प्रकार**
- **आर्टिफिशियल ऐडस की सफाई व रखरखाव**
- **सुरक्षात्मक सावधनियां।**

**हुड हेयर ड्रायर** (Hood hair dryer) **: हुड हेयर ड्रायर की सहायता से रोलर द्वारा रोल किए बालों को सुखाया जाता है।**

**आर्टिफिशियल ऐड्स (Artificial Aids)**

**फैशन जगत में आर्टिफिशियल ऐडस जिसमें विग्स व अनेक प्रकार के हेयर पीसिज़** (Hair pieces) **का प्रयोग प्रचलित है। लोग इनका प्रयोग स्टाइल को बदलने के लिए या गंजापन आने पर करते है।**

4000 BC **के समय से मिश्र के लोग अपने सिर को स्टाइल देने के लिए रेज़र का प्रयोग करते थे और घने बालों वाली विग्स पहनते थे। उच्च वर्ग के लोग अच्छी क्वालिटी के विग्स पहनते थे। जो उनके स्टाइल का प्रतीक होता था। धीरे धीरे अनके रंगों में व क्वालिटी में विग्स बनाए जाने लगे। 18वीं शताब्दी में अंग्रेज लोग कोर्ट में वकालत के समय विभिन्न प्रकार की विग्स का प्रयोग एक युनिफॉर्म के रूप में प्रयोग किया जाता था।**

**कई बार विग्स का प्रयोग चोट या कट को छुपाने के लिए भी किया जाता है। भारत में लम्बे बालों को वेग जूड़े के साथ चोटी के रूप में मिलने लगे।**

**विग पहनने का उद्देश्य (Purpose of wig)**

**- विग को पहनने का मुख्य कारण सिर की चमड़ी को ढकना है।**

**- विभिन्न प्रकार के हेयर स्टाइल देना।**

**- विग्स तीन प्रकार के बाल द्वारा बनाई जाती है।**

**मनुष्य के बाल (Human hair)**

**जानवर के बाल (Animal hair)**

**कृत्रिम बाल (Synthetic hair)**

**मनुष्य के बाल (Human hair) : यह विग्स या हेयर पीसिज़ जानवर के बाल या कृत्रिम बालों से अधिक महंगे होते है। यह हाथ के द्वारा बनाये जाते है। यह बाल मुलायम और वास्तविक दिखते है। वास्तविक दिखने के कारण उच्च वर्ग में अधिक मात्रा में प्रयोग किए जाते है।**

**जानवर के बाल (Animal hair) : यह जानवर के बाल** (yak/goat hair) **से बनाये जाते है। कई बार घोड़े के बाल को भी मिलाया जाता है। इनका प्रयोग बहुत कम होता है क्योंकि ये बाल मोटे और रूखे होते है।**

**कृत्रिम बाल (Synthetic hair) : कृत्रिम बाल अधिक चमक देने वाले होते है जो मनुष्य के बाल के जैसे दिखाई देते है। यह बाल जलने पर या अधिक ताप देने पर बदबू देते है। यह सबसे सस्ते होते है। यह विभिन्न लम्बाई में उपलब्ध होते है । भिन्न-भिन्न रंगों में भी प्राप्त किए जा सकते है।**

**आर्टिफि**

- **विग**



- **स्विच (Switch)**



- **फॉल्स (falls)**



- **डमी विग्स (Dummy**

